आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–09 जनवरी 2026 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए 'कैशलेस चिकित्सा उपचार' योजना की शुरुआत करेगी केंद्र सरकार। केंद्रीय सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा–सड़क दुर्घटना पीड़ित को अस्पताल पहुंचाने पर मिलेगा पचीस हजार रुपये का ईनाम।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह आज लखनऊ में करेंगे निजी इलेक्ट्रिक वाहन फैक्ट्री का उद्घाटन। प्रतिवर्ष ढाई हजार इलेक्ट्रिक वाहनों का होगा निर्माण, बढ़ेंगे रोजगार के अवसर।
- केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने ग्रेटर नोएडा में किया इंडस फूड दो हजार छब्बीस के नौवें संस्करण का उद्घाटन। कहा– वैश्विक फूड बास्केट के तौर पर दुनिया भर में पहचान बनाएगा भारत।
- केंद्र सरकार ने जनगणना के पहले चरण के लिए जारी की अधिसूचना। पहली अप्रैल से होगी शुरुआत।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जल्द ही सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए 'कैशलेस चिकित्सा उपचार योजना' की शुरूआत करेंगे। यह जानकारी केंद्रीय सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने दी। श्री गडकरी ने कल नई दिल्ली में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के परिवहन मंत्रियों तथा परिवहन विकास परिषद की बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन को सम्बोधित किया। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

**संवाददाता सम्मेलन में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने बताया कि कैशलेस चिकित्सा उपचार योजना के अंतर्गत सड़क दुर्घटना पीड़ितों को कम से कम सात दिन के लिए एक लाख 50 हजार रुपये तक का कैशलेस उपचार मिलेगा। सड़क दुर्घटना पीडित को अस्पताल पहुंचाने में मदद करने वाले व्यक्ति को 25 हजार रुपये का ईनाम दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसकी पायलट परियोजना हाल ही में उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब और चंडीगढ़ सहित विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में सफलतापूर्वक संपन्न हुई है। समाचार कक्ष से मैं अरूण।**

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह आज लखनऊ में एक निजी इलेक्ट्रिक वाहन फैक्ट्री का उद्घाटन करेंगे। कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी और एचडी कुमार स्वामी भी मौजूद रहेंगे। इस ईवी विनिर्माण इकाई की स्थापना को क्षेत्र में औद्योगिक विकास और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को बढ़ावा देने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

**तमाम अत्याधुनिक सुविधाओं वाले इस प्लांट में लगभग 1,500 करोड़ रुपये का निवेश हुआ है। सरोजिनी नगर एक्सटेंशन–1 औद्योगिक क्षेत्र में ये प्लांट ठीक वहीं पर लगा है, जहां पहले लखनऊ की पहचान रहा ऐतिहासिक स्कूटर्स इंडिया का प्लांट था। इस प्लांट की तमाम खासियतों में से एक 'नालंदा'कौशल विकास केंद्र है, जो महिलाओं को प्रशिक्षण देने पर केंद्रित है। प्लांट के प्रमुख शक्ति सिंह यादव ने कहा कि हजारों लोगों के लिए रोजगार पैदा करने के अलावा, यह प्लांट पूरे क्षेत्र की अर्थव्यवस्था पर व्यापक प्रभाव डालेगा। प्रारंभिक चरण में, प्रति वर्ष 2,500 बसों के निर्माण के साथ लगभग 1,000 श्रमिकों की जरूरत होगी। उत्पादन बढ़ने के साथ, प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सहित कुल रोजगार लगभग 10,000 तक पहुंचने की उम्मीद है। सुशील चंद्र तिवारी आकाशवाणी समाचार लखनऊ**

**********

सक्रिय सुशासन और योजनाओं के समयबद्ध कार्यान्वयन के लिए प्रधानमंत्री के प्रमुख तंत्र 'प्रगति' ने अपनी पचासवीं बैठक के साथ महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इसके माध्यम से प्रधानमंत्री की सीधी समीक्षा के कारण बुनियादी ढांचागत परियोजनाओं की समयबद्ध निगरानी और मुद्दों का समाधान संभव हुआ है। आज इस विशेष श्रृंखला में हम शहरी परिदृश्य को बदलने में आवास और ढांचागत संबंधी पहल पर एक नजर डालेंगे।

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई 12 प्रगति बैठकों में सात प्रमुख शहरी योजनाओं की समीक्षा की गई। इसमें प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, स्मार्ट सिटी मिशन और पीएम स्वनिधि योजना शामिल है। प्रगति मंच के तहत दो लाख 37 हजार करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाली 14 बड़ी परियोजनाओं की समीक्षा की गई। इनमें से चार परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं और 10 पर तेजी से काम चल रहा है। इन बैठकों में दिए गए निर्देशों से केंद्र और राज्यों के बीच तालमेल बेहतर हुआ है और समस्याओं के समाधान का रास्ता निकला। जिससे काम की रफ्तार तेज हुई। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत देश भर में एक करोड़ 18 लाख से अधिक मकानों को मंजूरी दी गई। इनमें 88 लाख से अधिक मकान बनकर तैयार हो चुके हैं। दीपेंद्र कुमार, आकाशवाणी समाचार दिल्ली।**

**********

केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने कल ग्रेटर नोएडा में तीन दिवसीय इंडसफूड दो हजार छब्बीस के नौवें संस्करण का उद्घाटन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री पासवान ने कहा कि आने वाले दिनों में भारत एक वैश्विक फूड बास्केट के तौर पर दुनिया भर में अपनी पहचान बनाएगा।

**प्रोसेसिंग सेक्टर का बनना जिसमें अभी भी ग्रोथ की अनंत संभावनाएं हैं। मेरे प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी जी का सपना है, उनका लक्ष्य है कि आने वाले दिनों में भारत अपने आप को एक ग्लोबल फूड बास्केट के तौर पर दुनिया के सामने प्रस्तुत करें और यह क्षमता भारत और भारतीयों में है।**

**********

केंद्र सरकार ने जनगणना के पहले चरण के लिए अधिसूचना जारी कर दी। जनगणना का पहला चरण इस वर्ष पहली अप्रैल से तीस सितंबर तक चलेगा। इसके लिए प्रत्येक राज्य और केंद्र शासित प्रदेश में तीस दिन की अवधि निर्धारित होगी। गृह मंत्रालय की अधिसूचना में कहा गया है कि इस अवधि के अनुसार घरों की गिनती शुरू होने से पन्द्रह दिन पहले तक लोगों को खुद भी यह जानकारी दर्ज करने की सुविधा उपलब्ध होगी।

**********

राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने मतदाताओं से अपील की है कि वे गत दिनों प्रकाशित ड्राफ्ट मतदाता सूची को जरुर देखें। मतदाता अपने बीएलओ के पास जाकर यह सूची देख सकते है। इसके अलावा मोबाइल ऐप या फिर निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर भी अपना नाम देखा जा सकता है। श्री रिणवा ने कहा कि फार्म छः भरकर सूची में नाम जुड़वाया जा सकता है।

**यदि ड्राफ्ट इलेक्ट्रोल रोल में नाम नहीं है तो उन्हें फॉर्म सिक्स भरना है। दावा मतलब फॉर्म छह नए मतदाताओं के लिए आवेदन होता है और फॉर्म आठ चार वजहों से भरा जा सकता है जिसमें प्रविष्टियों में सुधार करेक्शन ऑफ एंट्रीज, दूसरा है निवास स्थान परिवर्तन, शिफ्टिंग के लिए, तीसरा है एपिक प्रतिस्थापन, एपिक रिप्लेसमेंट अगर किसी का एपिक गुम जाता है तो उसमें भी फॉर्म आठ भर के इसको वापस हम एपिक अपना प्राप्त कर सकते हैं।**

**********

केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान ने कल देवरिया में विकसित भारत जी राम जी योजना को लेकर एक पत्रकार वार्ता में कहा कि इस योजना से गांवों की संरचनाएं और अर्थव्यवस्था मजबूत होंगी तथा महिलाओं का आर्थिक विकास होगा। श्री पासवान ने बताया कि इस योजना के तहत अब मजदूरों को एक सौ पचीस दिन काम मिलेगा।

**********

ग्रेटर नोएडा स्थित गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय में आयोजित हो रहे एलीट पुरूष और महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में कल विभिन्न वर्गों में क्वाटर फाइनल के मुकाबले हुए, जिनमें विजेता खिलाड़ियों ने सेमीफाइनल में जगह बनाई। एक रिपोर्ट–

**एलीट पुरुष और महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में कल पैंतालिस से अड़तालिस किलोग्राम महिला वर्ग में विश्व चैंपियन अखिल भारतीय पुलिस की मीनाक्षी हुड्डा ने पंजाब की कशिश मेहता को पांच–शून्य से हराया, जबकि अड़तालिस से इक्यावन किलाग्राम भार वर्ग में दो बार की विश्व चैंपियन निखत जरीन ने मणिपुर की लांचेनबी चानू टोंगब्रम को इतने ही अंतर से हराया। इसी तरह पुरूषों के पैंसठ से सत्तर किलोग्राम के भार वर्ग के क्वाटर फाइनल में विश्व मुक्केबाजी कप स्वर्ण पदक विजेता हितेश गुलिया ने पंजाब के तेजस्वी को पांच–शून्य से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। वहीं विश्व बॉक्सिंग कप फाइनल के रजत पदक विजेता पवन बार्टवाल ने अरुणाचल प्रदेश के टायसन को हराया, जबकि जदुमणि ने पंजाब के निखिल को और सचिन ने उत्तर प्रदेश के करण को मात दी। महिलाओं के इक्यावन से चौवन किलोग्राम वर्ग के क्वार्टर फाइनल में प्रीति ने पंजाब की हरमीत कौर विर्क को पांच–शून्य से हराया, वहीं साक्षी ने उत्तर प्रदेश की पूनम को चार–एक से मात दी। विशालधर दूबे आकाशवाणी समाचार, गौतमबुद्धनगर।**

**********

प्रदेश भर में ठंड और घने कोहरे से जनजीवन प्रभावित है। राजधानी लखनऊ सहित प्रदेश के कई अन्य जिलों में कल दिन में धूप निकलने से लोगों को हल्की राहत मिली, हालांकि सुबह–शाम ठंड का असर जारी रहा। प्रदेश के कई जिले आज तड़के से ही घने कोहरे की चपेट में रहे। ठंड और कोहरे को देखते हुए स्कूलों में अवकाश की अवधि बढ़ा दी गई है।

**********